## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार 26 से 29 मार्च तक होगी

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर कार्यालय के अंतर्गत आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों (चौकीदार, वाटरमेन एवं स्वीपर) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु कार्यालय द्वारा विज्ञापन क्रमांक 2445 / तीन-03-04/2009 रायपुर, दिनांक 10.11.2022 के परिप्रेक्ष्य में पात्र आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक 26 मार्च से 29 मार्च तक जिला न्यायालय परिसर रायपुर में रखा गया है।इस संबंध में विस्तृत विवरण जैसे साक्षात्कार की तिथि, समय, बोर्ड, प्रवेश पत्र आदि की जानकारी हेतु जिला न्यायालय रायपुर के वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है। पृथक से डाक या ईमेल के माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किया जावेगा।

### पत्नी की हत्या करने के मामले में पति, जेठानी और भतीजा गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर में महिला की हत्या के आरोप में पुलिस ने पति, जेठानी और भतीजे को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने घरेलू विवाद के चलते महिला की हत्या की और उसे खुदकुशी का रूप देने की कोशिश की। छत्तीसगढ़ की राजधानी के गोल बाजार थाना अंतर्गत नयापारा के शंकर चौक में 11 मार्च 2023 को रिद्धि सोनी की मौत हो गई. मामले में मृतका के पति ने गोल बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी पत्नी रिद्धि सोनी ने फ ांसी लगा ली. आनन फ ानन में उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां इलाज के दौरान रिद्धि ने दम तोड़ दिया. घटना के बाद गोल बाजार पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने रिद्धि सोनी की मौत गला दबाने से होना बताया. कोतवाली सीएसपी योगेश साहू ने घटना की जानकारी दी. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में रिद्धि सोनी की हत्या गला दबाकर करने की बात सामने आई. आसपास के लोगों से पूछताछ की गई. जिसके बाद पति तरुण सोनी, जेठानी रुकमणी सोनी और भतीजे पीयूष सोनी से कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना गुनाह कबूल किया. घरेलू विवाद के चलते तीनों ने मिलकर रिद्धि सोनी की गला दबाकर हत्या की थी.

### ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिरा

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के पखांजुर थाना अंतर्गत प्रेमनगर ग्राम पंचायत के पखांजुर से भानुप्रतापुर जाने वाली मुख्य सडक़ पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया यह हादसा बीती रात जी बताई जा रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से यहां के पुल पर किसी भी प्रकार का कोई भी संकेत बोर्ड या रेलिंग नही है। इसी कारण यहां आये दिन दुर्घटनाए होती रहती है। पखांजुर थाना के थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख से इस संबध में जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि इस दुर्घटना की कोई जानकारी थाने को मिली ही नही है, जिससे दुर्घटना में घायलों एवं हताहत होने की कोई जानकारी नही मिल पाई है।

### बालको के कॉफी पॉईंट में देखा गया तेंदुए का शावक, ईलाके में मचा हड़कंप

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा के बालको क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से आसपास के ईलाकों में हडक़ंप की स्थिती देखी जा रही है। इवेंट से लौटते वक्त डायल 112 की टीम को कॉफी पाईंट के नजदीक तेंदुए का शावक नजर आया जिसे उन्होंने कैमरे में कैद कर लिया। झाडिय़ों के बीच छिपे तेंदुए का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वनमंडल कोरबा में तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग ने तस्दीक के लिए एक टीम को मौके के लिए रवाना भी किया है।

### गुजराती समाज पर अमर्यादित टिप्पणी, तेजस्वी यादव के खिलाफ एसपी से शिकायत

**धमतरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सर्व गुजराती समाज ने धमतरी एसपी से बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ की है. समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने गुजराती समाज पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर तेजस्वी यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. छत्तीसगढ़ सर्व गुजराती समाज ने धमतरी एसपी से बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ की है. समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने गुजराती समाज पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर तेजस्वी यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सस्ता चारा और नस्ल संवर्धन के साथ गोधन न्याय जैसी योजनाओं से समृद्ध होगा पशुधन : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**❒ सस्ता चारा विकसित करने तथा नस्ल संवर्धन को लेकर अच्छे कार्य के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की प्रशंसा की**



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज दुर्ग जिले के अंजोरा में आयोजित दाऊ वासुदेव चंद्राकर की प्रतिमा अनावरण एवं दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पशुओं के लिए सस्ता चारा उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किये गये तकनीकी प्रयासों की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय ने पैरा आधारित संपूर्ण आहार पैलेट का विकास किया है। यह पशुओं के लिए सुपोषित व सस्ता चारा होगा, इसके माध्यम से चारे की कीमतों में 35 प्रतिशत तक कमी आयेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में सस्ते और पोषक चारे की कमी तथा यहां का गर्मी से भरा वातावरण जिसकी वजह से उच्च नस्ल के मवेशी यहां अनुकूलित नहीं हो पाते। इसी वजह से हमने नस्ल संवर्धन का काम आरंभ किया है। साथ ही पशुधन के विकास के लिए गोधन न्याय योजना की भी शुरूआत किया है, ताकि पशुपालन पुनः लाभ का सौदा साबित हो सके। सस्ते चारे के लिए विश्वविद्यालय पैलेट जैसे प्रयोग कर रहा है। हम रीपा के माध्यम से ग्रामीण उद्यमियों को बढ़ावा दे रहे हैं। हर रीपा में ऐसे यूनिट बनाए जाएंगे जिसमें पशुआहार बनाने की यूनिट भी हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी छत्तीसगढ़ में पशुधन को लेकर अपार संभावनाएं हैं। स्थानीय स्तर पर डेयरी उद्यम को बढ़ावा देने से हमारे यहां माँग और पूर्ति की स्थिति तेजी से बेहतर होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसलिए ही हमारा फोकस गोबर खरीदी पर रहा ताकि जैविक खेती की जा सके, गोबर पेंट बनाया जा सके और पशुधन के माध्यम से आर्थिक समृद्धि आये।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वर्गीय दाऊ वासुदेव चंद्राकर के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में उनका कार्य मील का पत्थर रहा। डेयरी को उन्होंने आजीविका के साधन के रूप में अपनाया। उच्च नस्ल के मवेशियों का पालन किया। अविभाजित मध्यप्रदेश के दौर में उनके द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के साथ मिलकर अंजोरा में एक बड़े कृषि मेले का आयोजन किया गया और यहां से ही कृषि और पशुपालन में नई वैज्ञानिक संभावनाओं के बारे में लोगों को जानकारी मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि हमारी कोसली प्रजाति की गायें दूध कम देती हैं लेकिन उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बहुत अच्छी होती है। इनकी लगातार नस्ल वृद्धि करने से राज्य में पशुधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम होगा।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति एनपी दक्षिणकर ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशुआहार पैलेट्स बनाने के अलावा विश्वविद्यालय द्वारा बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर भी आरंभ किया गया है। इसके माध्यम से पशुपालक किसानों के लिए सस्ते दाम में चारा उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर गृह एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग विधायक अरुण वोरा, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव, लक्ष्मण चंद्राकर, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. आरके सोनवाने एवं निदेशकगण, अधिष्ठाता, प्राध्यापक, वैज्ञानिकगण एवं अधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## एलायंस एयर के मनमाने किराया बढ़ोतरी पर हाईकोर्ट का चला हंटर, केंद्र सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी को नोटिस जारी



**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर-इंदौर की फ्लाइट बंद करने और बिलासपुर के साथ मनमाने व्यवहार को लेकर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है. हाईकोर्ट ने एलायंस एयर के मनमाने किराया बढ़ोतरी पर लगी याचिका पर एलायंस एयर, केंद्र सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी को नोटिस जारी किया है. कोर्ट ने एयरपोर्ट को दी जाने वाली जमीन के लिए रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार से जानकारी भी मांगी है. जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस सैम पी कोषी की खंडपीठ ने हाईकोर्ट प्रेक्टिसिंग एडवोकेट बार एसोसिएशन की तरफ से लगाई गई जनहित याचिका पर संज्ञान लेते हुए भोपाल, इंदौर की फ्लाइट को 4-5 माह में बंद करने को लेकर कोर्ट ने कड़ा एतराज जताया है. बता दें कि, हाईकोर्ट प्रैक्टिसिंग बार एसोसिएशन द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया है कि केंद्र सरकार की उड़ान योजना के अनुसार उड़ानें एक साल के पहले बंद नहीं की जा सकती. लेकिन भोपाल और इंदौर की उड़ान चार और पांच माह में बंद कर दी गई. साथ ही एलायंस एयर के द्वारा दिल्ली का किराया 23 हजार रुपए तक वसूलने का सवाल उठाया गया है. यह इसलिए क्योंकि उड़ान योजना की गाइड लाइन एक निश्चित किराए से अधिक किराया न होने को तय करती है. इस मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और सरकारी एयरलाइंस कंपनी एलाइंस एयर को नोटिस जारी किया है, मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी.

## 4 अप्रैल को तमनार में महा रोजगार मेला

**❒ एक हजार से अधिक तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर होगी भर्ती**

**❒ कलेक्टर सिन्हा की पहल, जिले में पहली बार विकासखंड स्तर पर वृहत रोजगार मेला**

**❒ वेकेंसी की जानकारी और पंजीयन के लिए जिला प्रशासन ने लॉन्च किया 'रायगढ़ रोजगार मितान' पोर्टल**

**❒ रजिस्ट्रेशन के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर और क्यूआर कोड भी जारी**

**❒ विकासखंड मुख्यालयों के यूथ सेंटर्स में करवाया जा सकता है ऑफलाइन पंजीयन**




**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से जिले में पहली बार मुख्यालय से बाहर विकासखंड तमनार में आगामी 4 अप्रैल को वृहद रोजगार मेला का आयोजन होने जा रहा है। तमनार के शा हाई स्कूल मैदान में लगने वाले इस वृहद रोजगार मेले में उद्योगो द्वारा स्थानीय युवाओं को उनकी योग्यता एवं उद्योगो की मांग अनुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। वृहद रोजगार मेला में तकरीबन 1 हजार से अधिक तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर भर्ती की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिससे प्रशिक्षित एवं योग्यताधारी युवाओं को स्थानीय उद्योगों में रोजगार प्राप्त हो सके।कलेक्टर सिन्हा ने जिले के युवाओं को अधिक से अधिक इस मौके का लाभ उठाने की अपील की है।

**'रायगढ़ रोजगार मितान' पोर्टल लॉन्च-** युवाओं को रोजगार मेले से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा 'रायगढ़ रोजगार मितान' http://www.raigarhrozgarmitan.in वेबपोर्टल बनाया गया है। जिसमें युवा विभिन्न उद्योग, कंपनियों और उनकी रिक्तियों की जानकारी देख सकते हैं एवं पोर्टल में अपना पंजीकरण कराकर रोजगार मेले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही टोल फ्री नंबर '9399983879' जारी किया गया है। जिसमें कॉल कर के मेले के संबंध में जानकारी ले सकते हैं। इसके साथ ही क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। जिसे स्कैन कर सीधे अपना पंजीयन करवाया जा सकेगा।

**यूथ सेंटर्स में होगा ऑफलाइन पंजीयन-** ऐसे युवा जिनके पास ऑनलाइन माध्यमों से पंजीयन करवाने की सुविधा नही है। वे ब्लॉक मुख्यालयों में संचालित मुख्यमंत्री यूथ सेंटर में जाकर मेले के लिए अपना ऑनलाइन पंजीयन करवा सकते हैं।

## पिकअप वाहन में मवेशी तस्करी कर रहा आरोपी गिरफ्तार, तस्करों के कब्जे से 9 मवेशियों को कराया गया मुक्त

**❒ आरोपी पर थाना पुसौर में पशुक्रूरता के तहत की गई कार्यवाही**



**रायगढ़।** दिनांक 25.03.2023 को थाना प्रभारी पुसौर के नेतृत्व में पुसौर पुलिस द्वारा पिकअप वाहन में कृषिधन मवेशियों को झारखंड के बुचड़खाना लेकर जा रहे वाहन को ग्राम तडोला के पास मेनरोड में पकड़ा गया है। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप वाहन में पशु तस्कर कृषिधन मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरा गया है जिसे झारखंड के बुचड़खना लेकर जा रहे हैं। ग्राम तडोला के पास मेनरोड में पुलिस नाकेबंदी कर मवेशी तस्करों का इंतजार किया जा रहा था, इसी दौरान कोडातराई की ओर से आ रहे तीन पीकप वाहन आते देख पुलिस टीम उन्हें घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया जिसमें सबसे सामने पिकअप वाहन क्रमांक ओ.डी. 15 बी 7986 का चालक गाडी को रोक कर भागने लगा जिसे आरक्षकगण दौड़ाकर पकड़े। उसी समय दो अन्य पिकअप वाहन का चालक मौका पाकर अपने-अपने गाडियो को बेक कर फरार हो गये। पकड़ा गया वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम मोहम्मद सहबाज पिता मोहम्मद असीम उम्र 19 वर्ष साकिन ग्राम खटकुलवहाल थाना कुतरा जिला सुन्दरग (ओडिसा) का रहने वाला बताया तथा पीकप क्र. ओ.डी. 15 बी 7986 में त्रिपाल के नीचे 09 रास मवेशी को ठूंस-ठूस कर क्रुरता पूर्वक रखा गया था। वाहन चालक के पास मवेशी तस्करी का कोई कागजात भी नहीं था। आरोपी मोहम्मद सहबाज के कृत्य पर थाना पुसौर में धारा 4, 6, 10 छ.ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपध्याय के मार्गदर्शन पर कार्यवाही में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उप निरीक्षक हेम सागर पटेल, आरक्षक ठंडाराम गुप्ता, इलियास केरकेट्टा की अहम भूमिका रही है।

## सड़क हादसे में 2 बालिकाओं की मौत, एक भर्ती, 3 स्वस्थ

**❒ जिला प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रुपए का चेक सौंपा**



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** सारंगढ़-सराईपाली मार्ग में ग्राम बटाउपाली के पास आज प्रातः 7-8 बजे के बीच सड़क दुर्घटना में 2 बालिकाओं की मृत्यु हुई है। एक बालिका को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रिफर किया गया है, उसकी हालत नॉर्मल बताया गया है। तीन बालिकाओं को मामूली चोंट आई थी, जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारंगढ़ से इलाज कराकर घर लौट गए हैं। राज्य शासन की ओर से सड़क दुर्घटना में मुआवजा के इस 2 प्रकरण में मृतक के परिजनों को 25-25 हजार के चेक दिए हैं। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने इस सड़क हादसे में बालिकाओं के प्रति दुख व्यक्त की हैं।

उल्लेखनीय है कि ग्राम बटाउपाली में एक आदिवासी परिवार के देवी-देवताओं की पूजा (पुजई) कार्यक्रम में उनके रिश्तेदार आए थे। इन मेहमान परिवार के 3 और घर के 3, कुल 6 बालिकाएं नहाने के लिए तालाब की ओर जाने के लिए सड़क किनारे खड़े थे। किसी अज्ञात हाईवा ट्रक चालक ने लापरवाही गाड़ी चलाकर हादसे को अंजाम दिया है। उस अज्ञात अपराधी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध पंजीयन किया गया है, जिसमें 279, 337 और 304-ए की धारा लगाई गई है। इस घटना में कविता सिदार पिता रूखमन और अंजू सिदार पिता सुखदेव की मृत्यु हुई है। राखी सिदार पिता प्रेमलाल को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। तीन बालिका डिंकी गोंड, अंतरा सिदार और भारती सिदार इलाज कराकर घर लौट चुकी हैं।

# तमनार डबल मर्डर केस का चौथा फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**❒ पुलिस टीम ने फरार आरोपी को धरमजयगढ़ क्षेत्र में दबिश देकर पकड़ा**

**❒ अंधे कत्ल के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी पर मृतक के भाई व परिजनों ने ट्विटर के माध्यम से रायगढ़ पुलिस का जताया आभार**

**रायगढ़।** विगत 20 मार्च को थाना तमनार अंतर्गत पालीघाट सेल्फी प्वाइंट के पास दो ट्रेलर ड्राइवरों की लाश आरोपियों द्वारा अपराध को छिपाने और लाश को ढिकाने लगाने के उद्देश्य से फेंका गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 48 घंटे के भीतर शवों की शिनाख्त कर ट्रेलर ड्रायवरों की हत्या करने वाले तीन आरोपियों समेत हत्या और लूटपाट की साजिश में उनके सहयोगी रहे दो अन्य आरोपियों समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर डबल ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा किया गया था।

पुलिस की जांच और आरोपियों के अपराध स्वीकारोति पर घटना का उद्देश्य ट्रेलर ड्राइवरों से ट्रेलर की लूटपाट कर ट्रेलर को अवैध तरीके से खपाने का था। दोनों मृतक प्रवीण ओझा और पवन उपाध्याय मूलत: उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे, मृतक ट्रेलर ड्राइवरों के साथ उसी ट्रांसपोर्ट कंपनी में कार्य करने वाले आरोपी ट्रेलर ड्राइवर और क्लीनर खलासी मनोज साहू, अजय यादव, आकाश कहरा और अजय साव के द्वारा ट्रेलर लूटपाट और हत्या की साजिश रच कर ट्रेलर को खपाने का सौदा मौदहापारा के जैनुल खान से तय किए थे। जैनुल खान ने ट्रेलर को खपाने अपने साथी नंदू लहरे, जयनंद साहू और राकेश खुंटे को साथ मिलाया। मृतक के शव शिनाख्तगी के साथ घटना से जुड़े एक-एक कड़ियों को जोड़ते हुए पुलिस टीम ने आरोपियों की धरपकड़ किया गया जिसमें 05 आरोपी- मनोज साहू, अजय साव आकाश कहरा, जैनुल खान और राकेश खुंटे को गिरफ्तार कर थाना तमनार के हत्या, लूट और अपराध छुपाने के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

फरार आरोपी अजय यादव, नंदू लहरे, जयनंद साहू की पतासाजी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना/चौकी प्रभारियों को उनके इलाके में पतासाजी का निर्देश दिया गया है। इसी बीच कल धरमजयगढ़ क्षेत्र में फरार आरोपी अजय यादव के देखे जाने के ह्यूमन हिंट पर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के द्वारा साइबर सेल की टीम से तस्दीक कराया गया। आरोपी अजय यादव का धरमजयगढ़ क्षेत्र में होने की जानकारी पुख्ता होने पर थाना धरमजयगढ़, तमनार और साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा लोकेशन पर दबिश दिया गया। इस दौरान आरोपी अजय यादव धरमजयगढ़ के एक होटल में नाश्ता करते समय मिला जिसे पुलिस धर दबोची और पूछताछ के लिये तमनार लेकर आयी। आरोपी अजय यादव ने अपने साथियों के साथ इस जघन्य हत्याकांड में शामिल होना कबूल किया है। आरोपी के मेमोरेंडम पर घटना समय पहने पकड़े तथा इस्तेमाल किए गए मोबाइल जिसका सिम आरोपी ने निकालकर फेंक दिया है, दोनों साक्ष्य आरोपी के निशानदेही पर जप्त किया गया है। आरोपी अजय यादव पिता शिवराज यादव उम्र 37 साल निवासी ग्राम कुरूभांठा थाना भूपदेवपुर, हाल मुकाम संस्कार स्कूल के पास थाना जूटमिल बताया कि वर्ष 2012 से ड्राइवरी कर रहा है। मनोज साहू, अजय साहू को जानता पहचानता है, उनके घर भी आना जाना था। 14 मार्च को अपने साथी मनोज साहू, आकाश कहरा, अजय साव के साथ मिलकर चारों ट्रेलर लूटपाट कर जैनुल के के माध्यम से खपाने की योजना आकाश कहरा के घर में बनाए थे। आरोपी अजय आज तमनार पुलिस मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड लेने कोर्ट पेश किया गया है। थाना तमनार, धरमजयगढ़ और साइबर सेल की संयुक्त कार्यवाही में फरार आरोपी अजय यादव को गिरफ्तार करने में थाना धरमजयगढ़ के प्रधान आरक्षक लक्ष्मी कैवर्त और थाना जूटमिल के आरक्षक विकास सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

एसएसपी सदानंद कुमार के कुशल नेतृत्व में इस दोहरे अंधे कत्ल में आरोपियों की शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी में जिले के एडिशनल एसपी संजय महादेवा, एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के नेतृत्व में बनाई गई पांच थानों और सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया। अपराध खुलासे की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक के परिजनों को प्राप्त होने पर मृतक प्रवीण ओझा के भाई सर्वेन्द्र ओझा (उत्तर प्रदेश) द्वारा ट्विटर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ पुलिस और रायगढ़ पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है। वहीं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के नेतृत्व में शेष फरार दो आरोपियों के संबंध में थाना तमनार एवं साइबर सेल की टीम जानकारी जुटाकर दबिश दी जा रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480